जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 150
दिनांक 20.09.2023

जनेकृविवि की अलसी परियोजना के वैज्ञानिक को आईसीएआर द्वारा उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों हेतु सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कृषि वैज्ञानिकों को दी बधाई

आईसीएआर ने बेस्ट एआईसीआरपी ऑन ऑयल सीड्स सेंटर से किया सम्मानित

जबलपुर 20 सितम्बर, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सतत् अनुसंधान कार्य जारी है। जिसके परिणाम स्वरूप जनेकृविवि के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय समन्वित अलसी अनुसंधान परियोजना की समूह बैठक गत दिवस इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई। जिसमें संपूर्ण राष्ट्र से अलसी परियोजना के वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान के कार्यों की जानकारी विस्तार से प्रदान की जिसकी समीक्षा की गई। इस दौरान अलसी अनुसंधान परियोजना सागर को **आईसीएआर ने बेस्ट एआईसीआरपी ऑन ऑयल सीड्स सेंटर से किया सम्मानित** एवं उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा गठित क्यूआरटी टीम द्वारा वर्ष 2017 से 2021 के अलसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों हेतु **सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड** प्रदान किया गया।

अलसी अनुसंधान परियोजना में अनुसंधान कार्य कर रहे वैज्ञानिक द्वारा आज विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा से सौजन्य भेंट की एवं अवार्ड संबंधित जानकारी प्रदान की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अलसी अनुसंधान परियोजना में किए गए अतिउत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय, अनुसंधान कार्यों हेतु वैज्ञानिकों की अथक प्रयास एवं समर्पण हेतु बधाई दी एवं विश्वविद्यालय का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान कराने एवं सम्मान दिलाने हेतु अनेकानेक बधाई देते हुए प्रशंसा की।

ज्ञात हो कि कृषि वैज्ञानिक एवं अलसी परियोजना के **प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पयासी** के सतत् शोध एवं गत वर्षो में किये गये उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यो में 5 अलसी की महत्वूपूर्ण किस्में विकसित की गई जिसमें जे.एल.एस.–66, जे.एल.एस.–95, एल.एस.एल.–93 एवं जे.एल.–165, एवं जे.एल.एस.–122 विकसित की गई। अनुसंधान कार्यो में डॉ. एम.पी. दुबे, प्रमुख वैज्ञानिक, श्री भानू सिंह सोलंकी, तकनीकी सहायक, द्वारा उत्कृष्ट अनुसंधान में सहयोग प्रदान किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप अलसी अनुसंधान परियोजना सागर मध्य प्रदेश को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

गौरतलब है कि आईसीएआर के उपमहानिदेशक दलहन एवं तिलहन डॉ. संजीव गुप्ता, संचालक भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान डॉ. रवि माथुर की उपस्थिति में अखिल भारतीय अनुसंधान अलसी अनुसंधान परियोजना सागर को **बेस्ट सेन्टर अवार्ड–सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस** से सम्मानित किया गया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, प्रभारी संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जे.पी. लखानी एवं अलसी अनुसंधान परियोजना के प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पयासी, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने बधाई प्रेषित की।